भारतीय वानिकी अनुसन्धान एवं शिक्षा परिषद् में हिन्दी पखवाड़ा समापन समारोह का आयोजन

भारतीय वानिकी अनुसन्धान एवं शिक्षा परिषद् में दिनांक 30 सितम्बर 2024 को हिंदी पखवाड़े का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। हिन्दी के प्रचार-प्रसार हेतु दिनांक 14 से 30 सितम्बर के दौरान अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। समापन कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. सुधीर कुमार, उपमहानिदेशक (विस्तार) के स्वागत भाषण से किया गया। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस वर्ष हिन्दी पखवाड़ा के दौरान कुल 7 प्रतियोगिताएं यथा; टिप्पण लेखन, निबंध, अंग्रेजी से हिन्दी अनुवाद, प्रश्नोत्तरी (क्विज), हिंदी टंकण, अंत्याक्षरी एवं स्वरचित हिन्दी काव्यपाठ आयोजित की गईं, जिनमें कुल 135 प्रतिभागियों ने अत्यंत उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप अपनी गरिमामयी उपस्थिति से सभा का मान बढ़ाते हुए भा.वा.अ.शि.प. महानिदेशक महोदया कंचन देवी, भा.व.से. ने परिषद में पखवाड़े के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में कार्मिकों की भागीदारी की सराहना की और कहा कि हिंदी के प्रति यही उत्साह हमें सम्पूर्ण वर्ष के दौरान कायम रखना है। साथ ही उन्होने कहा कि हिन्दी पखवाड़ा का यह दिन समापन नहीं बल्कि इसे एक नया आरंभ समझा जाना चाहिए। उन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने हेतु संचालकों एवं सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और आभार व्यक्त किया। पखवाड़े के दौरान आयोजित हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को नगद पुरस्कार एवं प्रतिभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में सुर संगम कार्यक्रम प्रस्तुत की गई जिसमें श्री विजय थापा, श्री अरविन्द जौहरी, श्री प्रीतम सिंह, कु. अंशिका थापा और श्री अजय सिंह खंडका द्वारा मधुरमय प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम में भा.वा.अ.शि.प. राजभाषा पुरस्कारों के अंतर्गत वर्ष 2023-24 के दौरान अपने शासकीय कार्यों में हिन्दी क्रियान्वयन में समग्र प्रदर्शन हेतु भा.वा.अ.शि.प. मुख्यालय के 09 कार्मिकों एवं 03 संविदाकर्मियों को भा.वा.अ.शि.प. राजभाषा प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त वर्ष 2023-24 अवधि में राजभाषा हिन्दी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले संस्थानों को भी पुरस्कृत किया गया। “क” क्षेत्र के सस्थानों में भा.वा.अ.शि.प.-उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर तथा “ग” क्षेत्र के संस्थानों में भा.वा.अ.शि.प.-वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट को राजभाषा शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। राजभाषा हिन्दी में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्य के लिए महानिदेशक, भा.वा.अ.शि.प. महोदया ने दोनों संस्थानों की सराहना की।

इस अवसर पर डॉ. विनय कुमार, उपमहानिदेशक (प्रशासन), डॉ. राजेश शर्मा, उपमहानिदेशक (अनुसंधान), डॉ. गीता जोशी, सहायक महानिदेशक (मीडिया एवं विस्तार), तथा भा.वा.अ.शि.प. मुख्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

कार्यक्रम का समग्र संचालन श्री शंकर शर्मा, सहायक निदेशक राजभाषा ने किया।

हिन्दी पखवाड़ा 2024 की कुछ झलकियां

स्वरचित कविता पाठ
भारतीय वानिकी अनुसन्धान एवं शिक्षा परिषद, देहरादून

14 से 30 सितम्बर 2024
मीडिया एवं विस्तार प्रभाग, विस्तार निदेशालय